किसान महापंचायत में राठीखेड़ा में एथेनॉल फैक्टरी नहीं लगने की चेतावनी दी

किसान महापंचायत में हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर व हरियाणा-पंजाब से भी किसान शामिल हुए

- महापंचायत में किसानों ने एथेनॉल फैक्टरी का एमओयू रद्द करने और आंदोलन के दौरान किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांगें रखी
- किसान महापंचायत को देखते हुए सरकार ने इंटरनेट बंद कर दिया और इलाके में धारा 163 लागू कर दी

हनुमानगढ़, (निसं)। राठीखेड़ा में ड्यून एथेनॉल प्राइवेट लिमिटेड फैक्टरी के विरोध में बुधवार को महापंचायत हुई। किसानों ने महापंचायत में राठीखेड़ा में एथेनाल फैक्ट्री नही लगने देने की चेतावनी दी। किसान नेता जोगिंदर सिंह उग्राहां के नेतृत्व में किसानों का जत्था हनुमानगढ़ के संगरिया स्थित धान मंडी पहुंचा। किसानों के हाथों में संघर्ष समिति के झंडे और सिर पर पीली पगड़ी रही। महापंचायत में हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर के साथ ही हरियाणा-पंजाब से भी किसान शामिल हुए। इसको देखते हुए सरकार ने इंटरनेट बंद कर दिया और इलाके में धारा 163 लागू की गई। हनुमानगढ़ के संगरिया में हुई महापंचायत में किसानों ने एथेनॉल फैक्टरी का एमओयू रद्द करने और आंदोलन के दौरान किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांगें रखी गई। साथ ही 11 फरवरी को टिब्बी के तलवाड़ा गांव में फिर से महापंचायत करने का ऐलान किया।

संगरिया की धानमंडी में महापंचायत से पहले किसानों ने नगर परिषद कार्यालय में बने किसान स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। किसान नेता जोगिंदर सिंह उग्राहां के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान हनुमानगढ़ के संगरिया स्थित धान मंडी महापंचायत के लिए पहुंचे। महापंचायत को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड में रहा। कस्बे में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस ने मंगलवार रात से संगरिया कस्बे में प्रवेश के चारों प्रमुख मार्गों पर बैरिकेडिंग कर दी थी। इसके साथ ही बाहर से आने वालों को जांच के बाद ही प्रवेश दिया गया। पुलिस और प्रशासन टिब्बी की घटना से सबक लेते हुए हर संभव सावधानी बरती।

भादरा के पूर्व विधायक बलवान पूनिया ने कहा कि राठीखेड़ा में फैक्टरी नहीं लगेगी। सरकार किसी ओर जगह फैक्टरी लगाए, लेकिन किसान की उपजाऊ जमीन पर एथेनॉल फैक्टरी नहीं लगने देंगे। फैक्टरी का एमओयू कैंसिल होने का लेटर नहीं दिए जाने से प्रशासन और सरकार पर भरोसा नहीं है। उग्राहां ने प्रस्तावित नए बिजली नियम का विरोध किया। कहा कि इसकी आड़ में सब्सिडी खत्म करने की साजिश की जा रही है। किसान नेता मंगेज चौधरी ने कहा कि इस बार प्रशासन ने ट्रैक्टर को आने से नहीं रोका। हमारी 2 ही मांगें है, एक एथेनॉल फैक्टरी का एमओयू रद्द करो और दूसरी मांग है कि आंदोलन के दौरान किसानों पर दर्ज मुकदमे वापिस लो।

मंगेज चौधरी ने कहा कि टिब्बी का घटनाक्रम कलैक्टर और राज्य सरकार ने करवाया। किसान हनुमानगढ़ में शांत रहा। आज शांत है, लेकिन आखिरकार सब्र का बांध टूटेगा। सिर्फ दो कागज संघर्ष समिति को भेज दो, नहीं तो हर जगह आंदोलन होगा। एथेनॉल फैक्टरी का मुद्दा घर-घर जाएगा। महंगा सिंह सिद्धू ने किसान महापंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशासन हिरासत में लेकर शर्मिंदा करता है। इनको पता है कि ये लोग पिटाई, मुकदमों से नहीं डरते हैं, इनको जलील करो। उन्होंने कहा कि प्रशासन को जो पसंद है, सरकार को जो पसंद है कर लें, लेकिन हम प्रशासन से डरेंगे नहीं, ऐसे ही प्रशासन के खिलाफ बोलेंगे। महंगा सिंह सिद्धू को 18 नवंबर 2025 को गिरफ्तार किया गया था। उस दौरान रात के समय धरनास्थल से आंदोलनकारियों को उठाया गया था। भाना सिंह सिद्धू ने एथेनॉल फैक्टरी के कारण होने वाले प्रदूषण को लेकर विरोध जताया। उन्होंने कहा कि पानी पीने लायक नहीं रहेगा, हवा सांस लेने के लिए शुद्ध नहीं होगी। राजनीति के चलते आम लोगों पर इसका बुरा प्रभाव पड़ेगा। इस दौरान एडीएम उम्मेदीलाल मीणा, एएसपी अरविंद बिश्नोई, एसडीएम संगरिया जय कौशिक, तहसीलदार मोनिका बंसल समेत कई अधिकारी भी व्यवस्थाओं को संभाले रहे।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा, (निसं)। पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने पांच साल से फरार चल रहे गैंगरेप और पॉक्सो एक्ट के 15 हजार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह आरोपी अपनी पहचान छुपाकर लगातार पुलिस को चकमा दे रहा था।

भीलवाड़ा जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव के निर्देशन में काछौला थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने पांच साल से फरार 15 हजार के इनामी आरोपी देवीलाल उर्फ देवीनाथ कालबेलिया को बापर्दा गिरफ्तार किया है। मामला जून 2022 का है, जब काछौला थाना क्षेत्र में एक खेत पर सो रहे परिवार पर हमला किया गया था। बदमाशों ने न केवल परिवार के साथ मारपीट कर लूटपाट की, बल्कि नाबालिग बेटी का अपहरण कर हरपुरा के जंगल में उसके साथ गैंगरेप जैसी घिनौनी वारदात को अंजाम दिया था। इस मामले में पुलिस ने पहले ही एक आरोपी नारायण लाल को गिरफ्तार कर लिया था, जिसे सितंबर 2025 में कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी, लेकिन दूसरा आरोपी देवीलाल लगातार फरार चल रहा था। चूंकि आरोपी खानाबदोश था और मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करता था, इसलिए पुलिस के लिए यह एक बड़ी चुनौती थी। डीएसटी और सायबर सेल की विशेष टीम ने मुखबिर तंत्र और पारंपरिक पुलिसिंग का सहारा लिया। सूचना मिली कि आरोपी एक गांव में समाज की बैठक में आने वाला है। इसी सूचना पर टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को रेलवे स्टेशन से दबोच लिया। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

बस पलटने से 30 जने घायल

मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)। जयपुर हाइवे मार्ग पर बड़गांव चौराहे के पास ट्रेलर की टक्कर से सोलर प्लांट में कार्यरत कर्मचारियों से भरी बस में सवार करीब 30 कर्मचारी घायल हो गये। इनमे पांच कर्मचारियों को अजमेर रेफर कर दिया। पुलिस के अनुसार पाटन स्थित सोलर प्लांट में नाइट शिफ्ट करने के बाद श्रमिक बस से अपने घर जा रहे थे, इसी दौरान यू टर्न लेते समय तेज गति से आ रहे ट्रेलर चालक ने लापरवाही से वाहन चलाकर बस के टक्कर मार दी, जिससे बस पलटी खा गई। किशनगढ़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

CHIEF BLOCK EDUCATION OFFICE SAMAGRA SHIKSHA BARAN

Sr. No. :- 1689 Date : 02/01/2026

NOTICE INVITING BID

NIT No.- 03/2025-26

Bids for AAWAS, BHOJAN, CHAI- NASTA ,WITH TRAINING PLACE AND TENT FACILITY are invited from interested bidders upto 12pm,Dated 16/01/2026. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **(http://sppp.rajasthan.gov.in)** of the state. The approximate value of procurement is Rs 6.00 Lacs. **UBN No.- EED2526SSRC01440, NIB CODE- EED2526A1134**

Raj.Samwad/C/25/17286 Chief Block Education Officer, Baran

राजस्थान सरकार

कार्यालय जिला रसद अधिकारी, जालोर

(जिला उपभोक्त संरक्षण अधिकारी)

क्रमांक-रसद/लेखा/निविदा/2025/ दिनांक-

NOTICE INVITING BID

e-Bids for Selection of Transporter for the Transportation of Food grains Under MDM from FCI Depots in Disrict JALORE are invited from interested bidders up to 12.01.2026 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in or http://sppp.rajasthan.gov.in/ www.food.rajasthan.gov.in) of the state. The approximate value of the procurement is 20 Lakhs for One year.

UBN- FCC2526SLOB00185, NIB CODE- FCC2526A0149

(आलोक झरवाल)
जिला रसद अधिकारी
(उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी) जालोर

DIPR/C/113/2026

कोटा में 70 लाख की स्मैक सहित दो तस्करों को पकड़ा

- रानपुर पुलिस टीम ने दो कार्रवाई में 298 व 47 ग्राम स्मैक जब्त की

कोटा, (निसं)। अवैध मादक पदार्थ की तस्करी व तस्करों की धरपकड़ के लिये पुलिस द्वारा चलाये जा रहे ऑपेशन गरूड् व्यूह के तहत रानपुर पुलिस टीम ने दो अलग-अलग कार्रवाई को अंजाम देते हुए 298 ग्राम स्मैक व 47 ग्राम स्मैक सहित दो तस्करो को गिरफ्तार किया है, पकड़े गए अवैध मादक पदार्थ की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 70 लाख रूपये है।

पुलिस टीम ने रोडवेज बस में चैकिंग के दौरान अवैध मादक पदार्थ 298 ग्राम स्मैक सहित एक तस्कर को पकड़ा, वहीं नाकाबन्दी के दौरान अवैध मादक पदार्थ 47 ग्राम स्मैक सहित तस्कर को गिरफ्तार किया। रानपुर पुलिस टीम ने दो अलग-अलग कार्रवाई में कुल 345 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद की है। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि रानपुर के आरपीएस (प्रो.) वीरेन्द्र सिंह मय जाप्ता जगपुरा पुलिस चौकी के सामने झालावाड़ से कोटा आने वाले रोड़ पर नाकाबंदी कर वाहनों की चैकिंग कर रहे थे। चैकिंग के दौरान पुलिस टीम ने रोडवेज बस को रोककर चैकिंग की तो पीछे की सीट पर बैठा एक व्यक्ति जिसने काले रंग की प्लास्टिक की थैली पकड़ी हुई थी, पुलिस टीम ने संदेह होने पर उस व्यक्ति को डिटेन कर उसकी थैली की तलाशी ली। थैली से अवैध मादक पदार्थ 298 ग्राम स्मैक बरामद की, पुलिस टीम ने मौके पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए मध्यप्रदेश के गांव लालखेड़ी निवासी बजरंग सिंह को गिरफ्तार किया है।

शहर एसपी ने बताया कि वहीं रानपुर थाने के उप निरीक्षक भीमसिंह मय जाप्ता नाकाबंदी कर वाहनों की चैकिंग कर रहे थे, चैकिंग के दौरान एक व्यक्ति पैदल आता हुआ दिखाई दिया, जिस पर संदेह होने पर पुलिस टीम ने मौके पर व्यक्ति को डिटेन कर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 47 ग्राम स्मैक बरामद की। पुलिस टीम ने मौके पर ढाका की ढाणी नयागांव निवासी पप्पू राम उर्फ रवि को गिरफ्तार किया है।

बीकानेर में सर्दी के तेवर तेज, तापमान 7.4 डिग्री दर्ज

- तापमान में आई गिरावट से लोग ठिठुरे

बीकानेर, (निसं)। तेज सर्दी के बीच प्रदेश के 25 जिलों में स्कूली बच्चों की छुट्टी घोषित कर दी गई है। सुबह के समय ठंड और कम तापमान के कारण छोटे बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी हो रही है। स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति पचास फीसदी रह गई है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिन में न्यूनतम तापमान में और गिरावट की संभावना है। सुबह के समय कोहरा और शीतलहर का असर बना रह सकता है, जिससे ठंड और तेज महसूस होगी। रात का तापमान और नीचे जा सकता है।

गौरतलब है कि सर्दी ने अचानक तेवर तीखे कर लिए हैं। पिछले 24 घंटे में शहर का अधिकतम तापमान 16.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। हालांकि बुधवार सुबह ठंडक का अहसास पांच डिग्री सेल्सियस जैसा रहा। इससे पहले बीते दिनों में अधिकतम तापमान 20 से 22 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9 से 11 डिग्री के आसपास बना हुआ था। ऐसे में एक ही दिन में तापमान में आई यह गिरावट लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर रही है। पिछले कुछ दिनों में बीकानेर में दोपहर के समय सर्दी का असर कम महसूस हो रहा था, लेकिन अब सुबह और रात दोनों समय ठंड तेज हो गई है। न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे सर्द हवाओं के साथ ठिठुरन बढ़ गई है। मौसम के जानकारों के अनुसार यह बदलाव शीतलहर के सक्रिय होने का संकेत है।

कोहरे की चादर में लिपटा रहा पाली शहर

पाली, (नि.सं.)। पिछले चार दिनों से गोड़वाड़ मारवाड़ सर्दी की चपेट में है। मंगलवार सुबह से ही पाली शहर में कोहरा छाया रहा। ऐसे में वाहन चालक लाइट लगाकर चल रहे थे, वहीं ठंडी हवाओं से शहरवासी बेहाल हो रहे थे। लोग सुबह और शाम को अलाव जलाकर ठंड से निजात पाने का जतन कर रहे हैं। सर्दी का सितम अभी जारी रहेगा। इसके चलते छोटे बच्चों की छुट्टियां हो गई है। लोग गर्म कपड़े में लिपटे हुए नजर आ रहे हैं। दोपहर करीब बारह बजे बाद सूर्य के दर्शन हुए।

Rajasthan Water Grid Corporation Limited

(Formerly known as "Eastern Rajasthan Canal Project Corporation Limited")

Sinchai Bhawan, JLN Marg, Jaipur 302017, Tel: 0141-2700669 Email: ceercpc@gmail.com

No. :- 7363 Date :- 06/01/2026

Short Term NIB No. – RWGCL/49/2025-26

Managing Director, RWGCL invites bid for "Supply and installation of IT Equipment's under ERCPCL Jaipur with 3 year Comprehensive Warranty of Balance item " from interested bidders up to 12.01.2026 (06.00 PM). Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **(https://sppp.rajasthan.gov.in/sppp/ and http://eproc.rajasthan.gov.in)** of the state. The approximate value of the procurement is Rs 41.45 Lacs. **NIB Code: ERP2526A0056**

UBN No: ERP2526GLOB00063

Raj.Samwad/C/25/17279 Managing Director RWGCL, Jaipur

राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड

उत्पादन वृत्त, रामभवन मार्ग, कोटा-324001, फोन: 0744-2327613

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यो / सामग्री की आपूर्ति / वार्षिक अनुबंध हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती है:- 25(RVU2526WSOB01963) पेयजल आपूर्ति प्रणाली के दैनिक संचालन, सफाई एवं रखरखाव, 23(RVU2526GSOB01960) 15 एचपी के 2 सबमर्सिबल मोटर पंप सेट की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं चालू करण, 24(RVU2526GSOB01961) जनरेटर, ट्रांसफॉर्मर, एलटी / एचटी स्विचगियर हेतु उपभोग्य सामग्री एवं 27(RVU2526GSOB01962) ब्रेक एयर कंप्रेसर तथा सहायक उपकरणों की आपूर्ति। निविदा विवरण वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in (ई-निविदा हेतु), www.energy.rajasthan.gov.in/rvunl एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

राज.संवाद/सी/25/17271 RVUN/PR-4320 अधीक्षण अभियंता (उत्पादन वृत्त)

OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, PALI

ENVIRONMENT AND SOLID WASTE MANAGEMENT CELL

Sr.no. -MCP/Env. & SWM/NIT 05/STP /2025-26/338 Date:- 02.01.2026

Short-Term Notice Inviting Tender (NIT)

Online Proposal are invited on behalf of Municipal Corporation Pali from the reputed, experience and technically eligible Contractor firm for the work of "Annual Rate Contract work for Operation and maintenance As well as Repair, Renovation , Renewal & Replacement of sewage collection & conveyance system laid under the UIDSSMT Scheme For the period of one year " the further detailed regarding to bid Documents can be downloaded from the e-tendering portal https://eproc.Rajasthan.gov.in And https://sppp.rajasthan.gov.in Estimate cost of work are 75.00 lakhs.

UBN – DLB2526WSRC29287

Raj.Samwad/C/25/17174 Commissioner Municipal Corporation Pali

हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई

उदयपुर, (निसं)। आपसी रंजिश के चलते चाकू से हमला कर व्यक्ति की हत्या करने वाले को न्यायालय ने दोषी को आजीवन कारावास एवं पच्चीस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

प्रकरण के अनुसार 27 मई 2022 को परिवादी तकरीर अहमद ने एमबी चिकित्सालय वार्ड 116 में पुलिस थाना अम्बामाता के थानाधिकरी सुनील कुमार को एक इत्तला दी कि सांय में अपने बड़े पिता अहमद हुसैन के साथ कनिका पैलेस अम्बावगढ़ से बाइक पर अमराई की तरफ जा रहा था, जहां बीच स्वरूप विलास होटल के सामने से गुजरते समय पिछे से आए अयूब खां पुत्र अल्लानूर निवासी महावत वाड़ी घंटाघर ने रोक कर बड़े पिता पर चाकू से हमला कर फरार हो गया। घायल बडे पिता को चिकित्सालय में भर्ती करवाया जहां उसकी मौत हो गई। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने के बाद न्यायालय में चालना पेश किया गया। इस पर न्यायालय अपर सेशन न्यायाधीन क्रम संख्या-2 उदयपुर के पीठासिन अधिकारी दमयन्ती पुरोहित ने मामले मौके से मिले साक्ष्यों को देखने के बाद एवं गवाहनों की सूनने के बाद आरोपी अयूब खान उर्फ मटुरिया को दोषी पाए जाने पर आवजीन कारावास एवं 25 हजार रूपये अर्थदंड का आदेश पारित किया।

घायल युवती ने दम तोड़ा

कोटा, (निसं)। देहीखेड़ा थाना इलाके के लबान के समीप गत दिनों ट्रक पलटा खाने से घायल हुए श्रद्धालुओं में से एक घायल युवती ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

पुलिस ने बताया कि गोहाटा निवासी लक्ष्मी पैदल परिवार के अन्य सदस्यों व अन्य लोगों के साथ पैदल चौथ का बरवाड़ा जाते समय लबान के समीप एक ट्रक अनियंत्रित होकर श्रद्धालुओं पर पलट गया था। हादसे में लक्ष्मी घायल हो गई थी, जिसने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। हादसे में मृतकों की संख्या चार हो गई है।

अस्सी लाख का डोडा-चूरा से भरी कार जब्त

उदयपुर, (निसं)। गोगुन्दा थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अस्सी लाख का अवैध अफीम डोडा-चूरा से भरी कार जब्त की।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक गोपाल चंदेल के सुपरविजन में गोगुन्दा थानाधिकारी श्यामसिंह मय टीम ने गोगुन्दा से सायरा जाने वाली रोड़ पर नाकाबंदी के दौरान तरपाल की तरफ से आई कार को रूकने का इशारा किया। चालक द्वारा कार भगा ले जाने पर पिछा कर टायर बर्स्ट किए। इसके बावजूद झाड़ोली गांव से आगे हाईवे के पास रोड़ पर चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। इस पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर तलाशी ली तो कार में 17 प्लास्टिक के कट्टे में 361.947 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा-चूरा पाया गया। इस पर कार मय डोडा-चूरा जब्त कर प्रकरण दर्ज किया।

अवैध शराब से भरी कार जब्त : उदयपुर शहर के प्रतापनगर थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अवैध शराब से भरी कार जब्त कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीरसिंह के सुपरविजन में प्रतापनगर थानाधिकारी राजेन्द्रसिंह चारण मय टीम एवं डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध 12 कर्टन शराब मय कार व दो फर्जी नंबर प्लेटें जब्त कर तस्कर नारायण पुत्र इन्द्रमल निवासी दरोली डबोक तथा रामनिवास पुत्र रतनाराम निवासी वाड़ा भाढवी थाना बागड़ों जालोर को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया।

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति , गोविन्दगढ़ (अलवर)

क्रमांक :- 400 - 411 दिनांक :- 07/01/2026

Notice Inviting Bid (NIB 06/2025-26)

Single stage, two-envelopes unconditional e-bids are invited from manufacturers/direct importers/Authorized Dealer on behalf of the Krishi Upaj Mandi Samiti Govindgarh for the procurement of Oil Testing Machine /NIR Grain Analyser. Details may be seen in the Bidding Document at the office of the Krishi Upaj Mandi Samiti, Govindgarh or State Public Procurement Portal website **https://sppp.rajasthan.gov.in.** or on departmental website **https://agriculture.rajasthan.gov.in/dam** or **https://eproc.rajasthan.gov.in.** The bidding document may be downloaded from either of the above websites and uploaded duly filled in with payment of Rs. 1180/- through banker's cheque/demand draft in favour of Secretary, Krishi Upaj Mandi Samiti, Govindgarh payable at Govindgarh, Details of bid are following:-

Sr. No.	Bid Title	Estimated Cost (In Lakhs)	UBN No.
1	Supply and Installation of Oil Testing Machine-NIR/Grain Analyser	15.00	DAM2526GLRC01124

Raj.Samwad/C/25/17288 Administrator Secretary

भीलवाड़ा के रायसिंहपुरा स्थित फैक्टरी में दो युवकों की संदिग्ध मौत

घटना की निष्पक्ष जांच की मांग, परिजनों और समाज के लोगों में आक्रोश



मृतक युवकों कके फाइल फोटो।

- परिजनों का आरोप है कि फैक्टरी प्रबंधन की लापरवाही से हादसा हुआ है, मौत को संदिग्ध बताते हुए हत्या या साजिश की आशंका जताई

भीलवाड़ा, (निसं)। जिले के रायसिंहपुरा में एक फैक्टरी में दो युवकों की संदिग्ध मौत से हड़कंप मच गया है। घटना के बाद से ही परिजनों और समाज के लोगों में भारी आक्रोश है। महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी के बाहर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गय और निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।

मामला जिले के रायसिंहपुरा क्षेत्र स्थित सीताराम फैक्टरी का है। यहां काम करने वाले दो युवकों नानोदिया निवासी कमलेश गुर्जर और जिंद्रास निवासी गजानंद गाडरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सुबह जब दोनों के शव महात्मा गांधी अस्पताल लाए गए, तो खबर आग की तरह फैल गई। सूचना मिलते ही गुर्जर और गाडरी समाज के सैकड़ों लोग अस्पताल और फैक्टरी के बाहर जमा हो गए। परिजनों का आरोप है कि फैक्टरी प्रबंधन की गंभीर लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ है। उन्होंने मौत को संदिग्ध बताते हुए इसे हत्या या बड़ी साजिश की आशंका जताई है। मोर्चरी के बाहर माहौल काफी तनावपूर्ण बना हुआ है। इधर, स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। वहीं, मांडल विधायक भी मोर्चरी पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें न्याय का भरोसा दिलाया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो पाएगा। तब तक प्रशासन लोगों से संयम बरतने की अपील कर रहा है।

चोरी का आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। बोरखेड़ा थाना इलाके के प्रताप नगर में एक मकान में रोशनदान से चोरी करने की नियत से घुसे चोरी के दर्ज मामले में पकड़े गये आरोपी के फरार साथी आरोपी को पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि बोरखेड़ा इलाके के प्रताप नगर में एक मकान में चोरी करने की नियत से रोशनदान के जरिये घुसने के प्रयास के दौरान चोर के रोशनदान में फंसने की सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर चोर को गिरफ्तार किया और मौके से उसका साथी फरार हो गया था।

शहर एसपी ने बताया कि मामले में 5 जनवरी को फरियादी ने थाने में रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट के बाद मामला दर्ज किया एवं फरार मुख्य आरोपी के साथी की तलाश के लिये बोरखेड़ा थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर के नेतृत्व में टीम गठित की गई। गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी बोरखेड़ा निवासी लालबीर सिंह उर्फ दीपू को गिरफ्तार किया।

जयपुर विकास प्राधिकरण

इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांकः जविप्रा/व.उ.वि./2025-26/43-49 दिनांक : 05.01.2026

पूर्णकालीन बिड सूचना सं.-जविप्रा/व.उ.वि./2025-26/43-49

आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से प्राधिकरण के उद्यानिकी प्रवर्ग की उचित श्रेणी में पंजीकृत बोलीदाताओं एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के सभी विभागों में 'अअ' व 'अ' श्रेणी में पंजीकृत बोलीदाताओं से ई-बिड (E-Procurement) निम्न विवरणानुसार आमंत्रित की जाती है:-

S. N.	NIB No.	Name of Work	Tender Amount (In Lakh)	Sale/Download Date and End Date	Open Date	Job. No.
1	43	Development and Maintenance of Narayan Vihar sector Road Medians (Narayan Sagar A to Vande Matram road & Narayan Vihar Police Station to Vande Matram road & sector road for 2 year in H.Zone-II **UBN No. : JDA2526WSOB00573**	85.01	07.01.26 16.01.26	21.01.26	291/ 2025-26
2	44	Maintenance of Jawahar Circle in H.Zone-I for 2 year. **UBN No. : JDA2526WSOB00574**	131.21	07.01.26 16.01.26	21.01.26	293/ 2025-26
3	45	Maintenance of Jawahar Circle outer ring with 2 year maintenance **UBN No. : JDA2526WSOB00575**	43.28	07.01.26 16.01.26	21.01.26	302/ 2025-26
4	46	Maintenance of Nilay Kunj 3 Nos. park with 2 year. **UBN No. : JDA2526WSOB00576**	24.94	07.01.26 16.01.26	21.01.26	303/ 2025-26
5	47	Development and maintenance of Sultan Nagar Greenbelt under HT line with 2 year maintenance. **UBN No. : JDA2526WSOB00577**	78.32	07.01.26 16.01.26	21.01.26	304/ 2025-26
6	48	Maintenance of existing park and development of new parke in H.Zone III with 2 years maintenance. **UBN No. : JDA2526WSOB00578**	168.43	07.01.26 16.01.26	21.01.26	307/ 2025-26
7	49	Development and Maintenance of New Sanganer road SFS Chauraha to Kisan Dharam Kanta for 2 years in H-Zone-II. **UBN No. : JDA2526WSOB00579**	191.89	07.01.26 16.01.26	21.01.26	312/ 2025-26

नोट :-
1. बिड को बिना कारण बताये निरस्त किया जा सकता है।
2. बिड E-Procurement के जरिए प्राप्त की जायेगी। बोलीदाता द्वारा पंजीयन प्रमाण-पत्र की प्रति प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।
3. बिड से सम्बन्धित शर्ते वेबसाईट www.jda.rajasthan.gov.in, http:/eproc.rajasthan.gov.in, sppp.rajasthan.gov.in पर अथवा वरिष्ठ उद्यानविज्ञ के कार्यालय (कमरा नं. NB SF-204) में देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/25/17294 वरिष्ठ उद्यानविज्ञ

जोधपुर शहर में बर्फीली हवाओं से आमजन प्रभावित

- कलैक्टर के आदेश हवा हुए, कई निजी स्कूलें दस बजे से पहले खुली, शीतलहर के बीच कंपकंपाते हुये बच्चे स्कूल पहुंचे

जोधपुर, (कासं)। उत्तरी भारत में छाई ठंड का असर अब जोधपुर में भी देखने को मिल रहा है। कड़ाके की सर्दी और कोल्ड वेव के कारण शहर का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जहां पहले सूर्योदय सवेरे हुआ करता था, वहीं अब सूर्य निधारित समय से एक से डेढ़ घंटे बाद नजर आ रहे हैं। ठंड के कहर ने स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यप्रणाली को भी प्रभावित किया है। शहर में ठंड के कारण बच्चों को राहत देने के लिए जिला प्रशासन ने सरकारी और निजी स्कूलों का समय बदला है। अब ये स्कूल सुबह 10 बजे से शुरू होंगे, जबकि आंगनबाड़ी केंद्रों को अगले आदेश तक बंद रखने का फैसला लिया गया है। हालांकि, इन आदेशों का पालन सभी स्कूलों में नहीं हो रहा है। कई बड़े निजी स्कूलों ने कलैक्टर के आदेशों की अवहेलना की है।

शहर में बुधवार का अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ जबकि न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस रहा। सर्दी का यह सितम फिलहाल जारी रहने की संभावना है। जिला कलैक्टर गौरव अग्रवाल ने इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए सभी सरकारी और निजी स्कूलों को सुबह 10 बजे से संचालित करने के आदेश दिए हैं, लेकिन परीक्षा पूर्व निर्धारित समय पर ही होगी। हालांकि इन आदेशों की कई निजी स्कूलों ने अवहेलना की। कई निजी स्कूलों ने आदेशों को ताक पर रखकर बच्चों को सुबह नौ बजे व साढ़े नौ बजे ही बुला लिया। इसका सोशल मीडिया पर विरोध देखने को मिला। कुछ स्कूलों ने पैरेंट्स को मैसेज कर बच्चों को सुबह 8.15 बजे स्कूल बुलाया है तो कुछ ने नर्सरी, केजी व प्रेप कक्षाओं के बच्चों को 9.45 बजे बुलाया।